ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 27.02.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 27.02.2021 को नगर निगम के मोहल्ला बाडूजई प्रथम में सफाई, मार्ग प्रकाश एवं जलापूर्ति के सम्बंध में आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

- पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित किये जाने के लिये भारतीय स्टेट बैंक द्वारा टाउनहाल मुख्य ,शाखा में लगाया गया कैम्प, जिलाधिकारी महोदय एवं नगर आयुक्त महोदय तथा भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक एवं मुख्य प्रबन्धक द्वारा ऋण वितरण किया गया।

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 27.02.2021 को मो0 बाडूजई प्रथम में पक्का तालाब व आस–पास की गलियों में सफाई व्यवस्था,पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मोहल्ला बाडूजई में पक्का तालाब एवं आस–पास की गलियों से सफाई कर्मचारी डोर–टू–डोर कूडा एकत्र कर रहा था। इसके अतिरिक्त सफाई कर्मचारी श्री अरून कुमार, रवि, राजेश, मुकेश, बृज मोहन, रंगीला आदि कार्य करते हुये पाये गये। नियमित कर्मचारियो की पूरी उपस्थिति नही थी। पक्का तालाब के पास गलियों में सफाई नहीं की गयी थी। नालियों में पॉलिथीन आदि कूड़ा पड़ा था जिससे जल निकासी में अवरोध उत्पन्न हो रहा था। पक्का तालाब पर ट्रान्सफार्मर के पास कूड़े एकत्र था। जिसको देख नगर आयुक्त महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को तत्काल रुप से सफाई कराये जाने के निर्देश दिये गये। सफाई नायक को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा पक्का तालाब पर कूड़ा बीनने वाले परिवारों से मिल कर उनकी समस्याओं के सम्बंध में जानकारी ली गयी। परिवारों की कुछ महिलायें कार्य कर रही थीं। नगर आयुक्त महोदय द्वारा कूड़ा बीनने वाले व्यक्तियो को पहचान पत्र देने तथा इनके कार्य हेतु टीनशेड. डलवाये जाने के लिये सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देश किया गया। स्थानीय जनता द्वारा पक्का तालाब से अतिक्रमण हटाने तथा उसका सौन्दर्यीकरण करा कर पुनरूद्धार कराने का अनुरोध किया गया। इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त महोदय द्वारा उपजिलाधिकारी,सदर से समन्वयक स्थापित करते हुये तालाब की भूमि को चिन्हित कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान श्री काशिफ द्वारा सफाई एवं मार्ग प्रकाश की शिकायत करते हुये अवगत कराया गया कि गलियों में सफाई का कार्य निरन्तर नहीं हो रहा है। गलियों में लगी लाईटें नहीं जल रही है। कार्यालय में शिकायत करने पर भी लाईटों को ठीक नहीं कराया जा रहा है। जिसको नगर आयुक्त महोदय द्वारा गम्भीरता से लेतु हुये तत्काल रुप से कार्यो को कराये जाने हेतु संबधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित,क्षेत्रीय सफाई नायक श्री राज कुमार एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

2. पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित किये जाने के लिये भारतीय स्टेट बैंक द्वारा टाउनहाल मुख्य ,शाखा में कैम्प लगाया गया। कैम्प काफी संख्या में पथ विक्रेताओ द्वारा उपस्थित होकर अपने अभिलेखो का सत्यापन कराया गया। कैम्प के माध्यम से आज कुल 25 पथ विक्रेताओ के खाते में ऋण धनराशि अंतारित करायी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा ऋण वितरण किया गया। पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित किये जाने हेतु शनिवार को सभी बैको की शाखाये खुली रहेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त पथ विक्रेताओ से अपील की गई कि सभी पथ विक्रेताओ अपने बैंक शाखा में उपस्थित होकर ऋण प्राप्त करे। पथ विक्रेताओ को भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाए  यथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,पीएम सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं रूपे कार्ड,बी0ओ0सी0डब्लू0 योजना के अन्तर्गत पंजीकरण,प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना,वन नेशन वन राशन कार्ड योजना,जननी सुरक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वन्दना से लाभान्वित भी किया जायेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह के साथ नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा ,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, परियोजना अधिकारी डूडा श्री अतुल कुमार पाठक, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक एवं मुख्य प्रबन्धक अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर